# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–11 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि बीते 7 सालों में जितने भी हैकाथॉन हुए हैं, उनके द्वारा कई समस्याओं का समाधान किया गया है, जो आज देश के लोगों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कई बड़ी समस्याओं का समाधान इन हैकॉथान्स ने दिया है। इसके पूर्व आज सुबह केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअली उद्घाटन किया। प्रदेश में मेरठ, लखनऊ और गौतमबुद्धनगर के विश्वविद्यालय और कॉलेज सहित देश के 51 केन्द्रों में आयोजित फाइनल में विद्यार्थियों की एक हजार तीन सौ से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। इस क्रम में आज मेरठ स्थित शोभित विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 का भव्य शुभारंभ कुलाधिपति कुंवर शेखर ब्रिजेंद्र और जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया। उधर, लखनऊ के इंटीग्रल विश्वविद्यालय और गौतमबुद्धनगर स्थित एन. आई.ई.टी संस्थान में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जनपद बस्ती में कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षा, सेवा एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प रखा है। दुनिया भारत के महत्व को समझ रही है। भारत की प्रतिभा को जहां भी मौका मिला, उसने खुद को साबित किया। दुनिया की 100 प्रतिष्ठित कंपनियों में से 20 के सीईओ भारत के युवा हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 200 से अधिक लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिया। श्री योगी ने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**********

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध आज गोरखपुर में हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के आह्वान पर सभी व्यापारिक संगठनों, आरएसएस, भाजपा सहित विभिन्न संगठनों ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से हिंदू जन आक्रोश रैली निकाली। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार की हम घोर निंदा करते हैं। हम सभी हिंदू इस मुद्दे पर एकजुट हैं।

**********

मेरठ में बहुचर्चित कॉमेडियन सुनील पाल किडनैपिंग केस को मुंबई पुलिस ने मेरठ के थाना लाल कुर्ती में ट्रांसफर कर दिया है। इसी सिलसिले में आज सुनील पाल की पत्नी सरिता पाल मेरठ के थाना लाल कुर्ती पहुंची। जहां पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुनील पाल जी का अपहरण मेरठ के पास ही हुआ था। मेरठ पुलिस से हमारी लगातार बात हो रही है, वह हमारी मदद कर रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि इस केस में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनसे पूछताछ की जा रही है।

**********

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री और कुशीनगर जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज कुशीनगर जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं, यातायात व्यवस्था, निर्माण कार्यों और कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विकासपरक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिले के सभी विधायकगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**********

गीता महोत्सव का पर्व आज हर्ष और उल्लास के वातावरण में प्रदेश भर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर गीता के महात्मय को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अयोध्या के श्रीमणिराम दास छावनी स्थित वाल्मिकी भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और महंत कमलनयन दास महाराज के संयोजन में गीता जयंती मनाई जा रही है। इसके अंतर्गत दो हजार से अधिक मनीषी गीता का पाठ कर रहे हैं। इसके पूर्व आज सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गीता महोत्सव के अवसर पर लोगों को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से शुभकामनाएं दी हैं।

**********